(भारत के राजपत्र असाधारण, भाग–I , खण्ड– (I) में प्रकाशनार्थ)

भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
उद्योग भवन, नई दिल्ली

सार्वजनिक सूचना 60/2015–2020

दिनांकः– 7 मार्च, 2017

विषयः– एक्जिम कोड 11061000 के अंतर्गत ग्वार दाना के आटा, मोटा आटा और चूर्ण संबंधी एमईआईएस लाभ को हटाने के संबंध में।

विदेश व्यापार नीति (2015–2020) के पैरा 1.03 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक , विदेश व्यापार एतद्द्वारा आईटीसी (एचएस) 0713 शीर्ष के ग्वार दाना के आटा, मोटा आटा और चूर्ण संबंधी एमईआईएस लाभ को हटाते हैं।

2. एमईआईएस अनुसूची के परिशिष्ट 3ख की क्रम सं० 472 पर दी गई निर्यात मद के मौजूदा उत्पाद विवरण को तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार संशोधित किया जाता है:

परिशिष्ट 3ख की क्रम सं०	आईटीसी (एचएस) कोड	वस्तु का विवरण
472	11061000	शीर्ष सं० 0713 (ग्वार दाना को छोड़कर) के शुष्क फलीदार वनस्पतियों का आटा और मोटा आटा

3. **इस सार्वजनिक सूचना का प्रभावः** आईटीसी (एचएस) 11061000 के तहत ग्वार दाना का आटा, मोटा आटा और चूर्ण एमईआईएस लाभ के लिए पात्र नहीं हैं।

अजय भल्ला
(ए.के. भल्ला)
महानिदेशक, विदेश व्यापार
ई–मेलः dgft@nic.in

(फाइल सं० 01/61/180/68/एएम15/पीसी–3 से जारी)